'समानो मन्त्रः समितिः समानी'

UNIVERSITY OF NORTH BENGAL

B.A. Honours Part-III Examination, 2022

HINDI

PAPER-VIII

Time Allotted: 4 Hours　　　　Full Marks: 100

The figures in the margin indicate full marks.

किसी एक पत्र संख्या का उत्तर लिखिए।

पत्र संख्या-1

(कथा साहित्य का विशेष अध्ययन)

1. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के आलोचनात्मक उत्तर दीजिए – 15×3 = 45

(क) बलचनमा की चरित्र चित्रण कीजिए।

(ख) 'रागदरबारी' उपन्यास के बद्री पहलवान का चरित्र चित्रण कीजिए।

(ग) पिता कहानी की अन्तर्वस्तु की समीक्षा कीजिए।

(घ) 'जिंदगी और जोंक' कहानी में उद्‌घाटित वर्ग चेतना पर प्रकाश डालिए।

(ङ) 'एक और ज़िन्दगी' कहानी की मूल समस्या पर चर्चा कीजिए।

2. निम्नलिखित किन्हीं चार लघूत्तरी प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 6×4 = 24

(क) 'प्रेमाश्रम' उपन्यास की कथा शैली की विशेषता बताइए।

(ख) 'जलडमरु मध्य' कहानी की मूल संवेदना पर प्रकाश डालिए।

(ग) 'लतिका' का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(घ) 'बलचनमा' उपन्यास में अभिव्यक्त किसान जीवन की समस्याओं पर प्रकाश डालिए।

(ङ) 'एक और जिंदगी' कहानी के शीर्षक पर विचार कीजिए।

(च) 'रागदरबारी' में अभिव्यक्त व्यंग्य की समीक्षा कीजिए।

3. निम्नलिखित किन्हीं तीन की सप्रसंग व्याख्या कीजिए– 7×3 = 21

(क) रंज और गम के मारे मिसराइन का चेहेरा स्याह पड़ गया था। उलटकर टोकरी को जोर से उसने झाड़ दिया और झपाट से निकल गई। आँगन से निकलते-निकलते उसने कहा था – हे भगवान! इसका पेट है कि अगम कुआँ! इतना धन, इतनी संपदा! फिर भी संतोख नहीं।

(ख) ''किसी चीज़ को न जानना यदि ग़लत है, तो जान-बुझकर न भूल पाना, हमेशा जोंक की तरह चिपटे रहना, यह भी गलत है।''

(ग) ''नकदी में बड़ा आराम है। जैसे ही हाकिम कहेगा कि हज़ार रुपये की ज़मानत दो, वैसे ही दस हरे-हरे नोट मेज़ पर फेंक दूँगा और कहूँगा कि लो भाई, रख लो जहाँ चाहे।''

(घ) ''न विद्या का दोष है, न देश का अभाग, यह हमारी फूट का फल है। सब अपना दोष है। विद्या से और कुछ नहीं होता तो दूसरों का धन ऐंठना तो आ जाता है। मूरख रहने से तो अपना धन गँवाना पड़ता है।''

(ङ) ''दिक्कत इस बात की थी कि वह अक्सर बेवजह रोते थे। कहते, 'दिल्ली बेहतरीन शहर है। हम पति-पत्नी यहाँ काफी खुश हैं।' और होने लगते।''

4. सभी वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 1×10 = 10

(क) बलचनामा के पिता का नाम लिखिए।

(ख) बलचनामा किसके घर में मजदूरी करता था ?

(ग) 'रागदरबारी' उपन्यास का प्रकाशन वर्ष लिखिए।

(घ) 'सनीचर' किस उपन्यास का पात्र है ?

(ङ) 'प्रेमाश्रम' उपन्यास का प्रकाशन वर्ष बताइए।

(च) प्रेमाश्रम की कथा का सूत्रपात किस गाँव से होता है ?

(छ) मोहन राकेश के पहले कहानी संग्रह का नाम लिखिए।

(ज) 'पिता' कहानी का प्रकाशन वर्ष लिखिए।

(झ) 'मनजीत' किस कहानी का पात्र है ?

(ञ) गिरीश नेगी किस रेजिमेंट का कैप्टन था ?

पत्र संख्या-2

(जनसंचार माध्यम और मीडिया लेखन)

1. निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 15×4 = 60

(क) समाचार लेखन कला के मूलभूत तत्त्वों पर आलोकपात कीजिए।

(ख) दृश्य-श्रव्य संचार माध्यमों की भाषिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(ग) लोकतंत्र में जनसंचार माध्यमों की भूमिका स्पष्ट कीजिए।

(घ) वर्तमान समय में लघु पत्रिका की चुनौतियों पर प्रकाश डालिए।

(ङ) रिपोर्ताज लेखन की विभिन्न प्रविधियों पर प्रकाश डालिए।

(च) 'समाज और इंटरनेट' विषय पर निबंध लिखिए।

2. निम्नलिखित में से किन्हीं छः प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए– 5×6 = 30

(क) 'फीचर लेखन' से क्या तात्पर्य है ?

(ख) 'समानांतर सिनेमा' से क्या तात्पर्य है ?

(ग) जनसंचार में प्रिंट मीडिया का क्या महत्त्व है ?

(घ) पीत पत्रकारिता से क्या तात्पर्य है ?

(ङ) सामाजिक परिवर्तन में सिनेमा की भूमिका पर विचार कीजिए।

(च) सम्पादकीय लेखन के प्रमुख तत्त्वों पर प्रकाश डालिए।

(छ) रेडियो का सामरिक दृष्टिकोण से महत्त्व उद्घाटित कीजिए।

(ज) कृषि क्रांति में दूरदर्शन का महत्त्व समझाइए।

3. निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए – 1×10 = 10

(क) भारत में छपने वाला समाचार पत्र कौन-सा है ?

(ख) ऑल इंडिया रेडियो की स्थापना कब हुई ?

(ग) रेडियो का माध्यम क्या है ?

(घ) भारत में दूरदर्शन की शुरुआत कब हुई ?

(ङ) हिन्दी की पहली बोलती फ़िल्म कौन-सी है ?

(च) हिन्दी का पहला साप्ताहिक समाचार पत्र कब प्रकाशित हुआ था ?

(छ) 'तद्भव' पत्रिका के वर्तमान सम्पादक का नाम लिखिए।

(ज) 'वागर्थ' किस हिन्दी संस्थान की पत्रिका है ?

(झ) गणेश शंकर विद्यार्थी का संबंध किस प्रकार की पत्रकारिता से था ?

(ञ) 'सरस्वती' पत्रिका प्रथमतः कब प्रकाशित हुई थी ?

——×——